# ए एस सी स्ट्रीट का लोकार्पण

विश्वविद्यालय द्वारा 17वीं एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस का आयोजन 20 से 22 फरवरी 2025 के मध्य एक ऐतिसाहिक सफलता के साथ हुआ। आयोजन के पूर्व कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सामने गांधी पार्क के प्रांगण की सडकों का चौडीकरण और सौंदर्यीकरण हुआ था। इस स्ट्रीट का लोकार्पण कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता एवं निदेशकगणों की उपस्थिति में किया गया।